संपादकीय

अपराध के दायरे में देखें हर आतंकी को

तीस जनवरी 1948 को जब महात्मा गांधी की हत्या हुई तो जवाहरलाल नेहरू ने कहा था-एक पाग़ल ने बापू को मार दिया। मुझे लगता है कि राष्ट्रपिता पर गोली चलाने वाले व्यक्ति की यही सही पहचान है। हकीकत यह है कि इस प्रकार का कुकृत्य करने वाला व्यक्ति किसी धर्म से नहीं जुड़ा होता। वह सिर्फ हत्यारा होता है-पाग़ल हत्यारा। होते हैं उसके पास तर्क अपने कुकृत्य के, खोखले तर्क होते हैं वे। कोई कानून, कोई परंपरा, कोई सोच किसी को भी यह अधिकार नहीं देता कि वह विरोधी विचारों के लिए किसी की हत्या कर दे। लेकिन, गांधी यदि यह कह सकते होते कि उनके हत्यारे को क्या सज़ा दी जाये तो निश्चित रूप से वे ईसा के इन शब्दों को ही दोहराते कि हे प्रभु, इन्हें माफ कर देना। ये नहीं जानते ये क्या कर रहे हैं! मरने से पहले गांधी के मुंह से निकले शब्द 'हे राम' का यही अर्थ था।

नाथूराम गोडसे ने न्यायालय में भले ही कुछ भी बयान दिया हो पर निश्चित रूप से उसका एक उद्देश्य यह भी था कि उसकी सोच को प्रसिद्धि मिले; लोगों में डर फैले, वे गांधी की तरह सोचना बंद कर दें, वे गांधी का अनुगमन न करें। ऐसा ही उद्देश्य होता है हर आतंकवादी का। इसलिए नाथूराम गोडसे भी आतंकवादी था। आतंकवादी न हिंदू होता है, न मुसलमान। न ईसाई और न किसी और धर्म का मानने वाला। वह सिर्फ आतंकवादी होता है। अपने कुकृत्य के लिए वह भले ही तर्क देता रहे, पर कोई तर्क किसी आतंकवाद का औचित्य नहीं बन सकता। आतंकवाद एक अपराध है। आतंकवादी अपराधी है। अपराध और अपराधी की पहचान के लिए और किसी विशेषण की आवश्यकता नहीं होती।

यही बात कुछ अर्सा पहले न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने कही थी। न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च नगर में 15 मार्च, 2019 को आतंकवादियों ने दो मस्जिदों पर हमला करके पचास से अधिक बेकसूर लोगों की हत्या कर दी थी। हर आतंकी हमले में मरते बेकसूर ही हैं और ऐसे हर हमले में आतंकवादी का मुख्य उद्देश्य आतंक फैलाना होता है। प्रधानमंत्री अर्डर्न ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा था-हम विविधता, करुणा और उदारता का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसीलिए हम पर यह हमला हुआ। उन्होंने यह तो बताया कि हमला किसी आस्ट्रेलियाई ईसाई ने किया है, पर उन्होंने उसका नाम लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा-हम उन्हें नाम भी नहीं देंगे। आतंकवादी आतंक फैलाना चाहते हैं, इसके लिए उन्हें प्रचार चाहिए-इससे वे ज़्यादा ताकतवर दिखते हैं। वह कुख्यात होना चाहते हैं। वह आतंकी है, अपराधी है, अतिवादी है, पर मैं उसे नाम नहीं दूंगी।

एक और महत्वपूर्ण बात कही थी न्यूज़ीलैंड की प्रधानमंत्री ने। लगभग अठारह साल पहले, सही तिथि 11 सितंबर 2001 है, आधुनिक आतंकवाद का युग प्रारंभ हुआ था। तब से लेकर अब तक दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में आतंकवादी घटनाएं हो रही हैं। इन घटनाओं का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने इस बात को रेखांकित करना ज़रूरी समझा कि इन घटनाओं को धर्म-विशेष से जोड़कर हम आतंकवादियों के उद्देश्यों को ही पूरा करने में मददगार होते हैं। आतंकवादी, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, अपराधी होता है। अपराध की सज़ा तो मिलनी ही चाहिए, पर साथ ही यह समझना भी ज़रूरी है कि आतंकवाद पनपता कैसे है? सौ साल पहले अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेज़ जनरल डायर ने निहत्थी और बेकसूर भीड़ पर गोलियां बरसा कर पंजाब में, या कहना चाहिए सारे भारत में, आतंक का माहौल पैदा करने की कोशिश की थी। इस नरसंहार में, सरकारी आंकड़ों के अनुसार तो लगभग चार सौ लोग ही मारे गये थे, पर गैर सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह संख्या हज़ार से भी ऊपर थी। था तो यह साम्राज्यवादी सोच का ही परिणाम, पर इसे सरकारी आतंकवाद ही कहा जाना चाहिए। देश की आज़ादी के लिए लड़ रही कांग्रेस पार्टी ने तब इस नरसंहार की जांच के लिए एक समिति गठित की थी। गांधीजी भी इस समिति के सदस्य थे।

विश्वनाथ सचदेव

कोचर की चार कंपनियों के खिलाफ प्रोसिक्यूशन कंप्लेंट

मुंबई (आरएनएस)। पहली पीढ़ी के उद्यमी और आईसीआईसीआई बैंक की फॉर्मर चीफ चंदा कोचर के पति दीपक कोचरकी मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (MCA) ने रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज यानी ऋभ्ष्ट के जरिए हाल ही में कोचर की कम से कम चार कंपनियों के खिलाफ प्रोसिक्यूशन कंप्लेंट (PC) दी है। जिन कंपनियों के खिलाफ PC दर्ज हुई है, उनमें पैसेफिक कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ईचंदा ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड और सुप्रीम एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। सूत्रों ने ईटी को बताया कि मिनिस्ट्री ने मुंबई के रीजनल एमसीए ऑफिस की सिफारिश पर कोचर और वीडियोकॉन ग्रुप के चेयरमैन वी एन धूत की कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

RoC की तरफ से PC दर्ज कराया जाना ICICI वीडियोकॉन लोन मामले की जांच कर रही एजेंसी की तरफ से पहली दंडात्मक कार्रवाई किए जाने के बराबर है। ICICI बैंक की फॉर्मर एमडी और सीईओ चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और धूत के खिलाफ एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED), CBI और I-T डिपार्टमेंट सहित कई लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियां जांच कर रही हैं। मुंबई में एक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में दर्ज कराई गई PC स्वीकार कर ली गई है, जिस पर 27 जून को सुनवाई होगी। सूत्रों के मुताबिक ये कंपनियां 20 से ज्यादा धाराओं के तहत कंपनी एक्ट का उल्लंघन करती पाई गई हैं। सूत्र ने बताया, कुछ मामलों में कंपनियों पर सेक्शन 447 और सेक्शन 448 लगा है जो फ्रॉड से जुड़ा है।

सूत्र ने कहा, जहां तक धूत की बात है तो, पीसी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (VIL) के खिलाफ भी कंपनी एक्ट की 20 से ज्यादा धाराओं के उल्लंघन का मामला है। सूत्रों ने बताया कि ये कंपनियां RoC की तरफ से दंडित की जानेवाली फर्मों की पहली सूची वाली हैं, लेकिन मामले में जिन दूसरी कंपनियों के खिलाफ जांच चल रही है उनके साथ भी ऐसा ही हो सकता है।

सूत्र ने कहा, जांच रिपोर्ट फाइनल होने के बाद रीजनल ऑफिस की तरफ से सिफारिशें आने और एमसीए के पास जमा कराए जाने से पहले मिनिस्ट्री कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर रही है। इस मामले में डिटेल के लिए कोचर और धूत को भेजे गए ईमेल का जवाब खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाया था। कोचर के वकील विजय अग्रवाल ने कमेंट करने से मना कर दिया।

कोचर और धूत की कंपनियों की जांच में मुंबई के रीजनल ऑफिस ने पाया कि वीडियोकॉन ग्रुप की तरफ से कोचर ग्रुप को 64 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे, जिसे वसूल करने को लेकर लेनदार का गंभीर नजर नहीं आ रहा था। ईटी ने इस जांच रिपोर्ट को देखा है।

900 शाखाएं बंद करने की तैयारी में बीओबी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आफ बड़ौदा (बीओबी) देना बैंक और विजया बैंक के विलय के मद्देनजर परिचालन दक्षता में सुधार के लिए देश भर में 800 से 900 शाखाओं को स्थानातंरित करेगा या बंद करने पर विचार कर रहा है। बीओबी में देना बैंक तथा विजया बैंक का विलय एक अप्रैल से प्रभाव में आया।बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देना और विजया बैंक के बीओबी में विलय के बाद एक ही जगह इन बैंकों की शाखाओं के होने का कोई मतलब नहीं है। अधिकारी ने कहा, ऐसे कई मामले हैं जहां इन तीन बैंकों की शाखाएं एक ही जगह है या एक ही इमारत में है। अतः इन शाखाओं को या तो बंद करने या उसे युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। एक ही जगह इन बैंकों की शाखाओं से कुशलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उसने कहा कि व्यापक समीक्षा के बाद बीओबी ने 800 से 900 शाखाओं की पहचान की है जिसे युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है।

पेट्रोल, डीजल पर चुनावी असर खत्म, बढ़े दाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के सातवें व आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के ठीक एक दिन बाद तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए।

पेट्रोल दिल्ली और मुंबई में नौ पैसे जबकि कोलकाता में आठ पैसे और चेन्नई में 10 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। डीजल के दाम दिल्ली और कोलकाता में 15 पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर बढ़ गए हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम में रविवार को कोई बदलाव नहीं किया गया था। कमोडिटी बाजार के जानकार बताते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में आई हालिया तेजी के बाद अब पेट्रोल और डीजल के दाम में फिलहाल राहत मिलने की गुंजाइश नहीं है। एंजेल ब्रोकिंग के एनर्जी व करेंसी रिसर्च मामलों के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम में इस सप्ताह कटौती की संभावना नहीं है बल्कि वृद्धि का सिलसिला चल पड़ा है और आगे दो से तीन रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों तेल के दाम में जो वृद्धि हुई उसका असर पेट्रोल और डीजल के दाम पर जितना दिखना चाहिए उतना नहीं दिखा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, सोमवार को

दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 71.12 रुपये, 73.19 रुपये, 76.73 रुपये और 73.82 रुपये प्रति लीटर हो गए। डीजल के दाम भी चारों महानगरों में बढ़कर क्रमशः 66.11 रुपये, 67.86 रुपये, 69.27 रुपये और 69.88 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

नडाल ने रोम में जीता 34वां मास्टर्स खिताब

रोम (आरएनएस)। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने सर्बिया के वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविक को हराते हुए इटैलियन ओपन खिताब जीत लिया। जोकोविक पर 6-0, 4-6, 6-1 से जीत दर्ज करने वाले नडाल ने अपने करियर का 34वां एटीपी खिताब जीता। इस जीत के साथ वर्ल्ड नम्बर-2 नडाल ने मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के मामले में जोकोविक (33) की बराबरी कर ली है। यह इटैलियन ओपन में नडाल का नौवां खिताब है। यह इस टूर्नमेंट के इतिहास में एक नया रेकॉर्ड है।

एक्जिट पोल के नतीजों से शेयर बाजार में बहार, सेंसेक्स 770 अंक चढ़ा

मुंबई (आरएनएस)। एक्जिट पोल के नतीजों के बाद स्थिर सरकार बनने की संभावना से शेयर बाजार झूम उठा है। शेयर बाजार की शानदार शुरुआत हुई। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह 770.41 अंकों की शानदार बढ़त के साथ 38,701.18 पर जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 244.75 अंकों की मजबूती के साथ 11,651.90 पर खुला।

प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स सुबह 9.41 बजे 725.18 अंकों की मजबूती के साथ 38,655.95 पर और निफ्टी भी लगभग इसी समय 208.55 अंकों की बढ़त के साथ 11,615.70 पर कारोबार करते देखे गए। रविवार को सातवें और अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए लगभग सभी एक्जिट पोल के नतीजों में राजग गठबंधन की भारी जीत और एक बार फिर से मोदी सरकार बनने का अनुमान लगाया गया है।

तेल आयात, खपत में कमी देश में आर्थिक मंदी का संकेत

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में तेल आयात अनुमान में मंद वृद्धि दर से भले ही सरकार के खजाने पर भार हो लेकिन यह देश में लंबी आर्थिक सुस्ती का संकेत है। सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल तेल आयात में 3.5 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है।

माना जाता है कि भारत को अपनी तेल की जरूरतों का 80 फीसदी से ज्यादा आयात करना पड़ता है, ऐसे में तेल का आयात कम होने से मांग और खपत में सुस्ती रहने का संकेत मिलता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अधीन पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) के अनुसार, देश का तेल आयात वित्त वर्ष 2019 के 22.7 करोड़ टन के मुकाबले 2020 में 23.3 करोड़ टन रह सकता है।

तेल आयात की दर सुस्त होना सरकार के खजाने के लिए अच्छ खबर है लेकिन कच्चे तेल का आयात कम होने से भारतीय तेलशोधक कारखानों को कम तेल मिलेगा और पेट्रोल, डीजल व विमान ईंधन (एटीएफ) की खपत में कमी आएगी।

वर्ष 2018 की शुरुआत में सुधार के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में फिर वित्त वर्ष 2018-19 की तीसरी तिमाही में सुस्ती देखी गई और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर घटकर 6.6 फीसदी पर आ गई। अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती के कारण वित्त वर्ष 2019 में आर्थिक विकास दर अनुमान 7.2 फीसदी से घटाकर सात फीसदी कर दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने भी भारत की आर्थिक विकास दर अनुमान वित्त वर्ष 2020 में घटाकर 7.3 फीसदी रहने का अनुमान जारी किया है।

योजना आयोग (इनर्जी) के एक पूर्व सदस्य ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर कहा, तेल आयात की दर कम होने से भारत के तेल आयात बिल में कटौती होगी और इससे चालू खाता घाटा का प्रबंधन करने में मदद मिलेगी लेकिन यह तेल के मौजूदा दाम का एक कारण होगा। अगर खाड़ी देशों में तनाव के कारण कच्चे तेल के दाम में उछाल आता है तो इससे देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार और सुस्त पड़ सकती है।

आज का राशिफल

मेषः- हित शत्रुओं से सावधान रहें। विवाद में हिस्सा न लें। यात्रा में सावधानी आवश्यक है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

वृषः- विवाद में हिस्सा न लें, बात बिगड़ सकती है। कुंआरों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की योजना बन सकती है।

मिथुनः- किसी प्रकार से धनहानि हो सकती है। शारीरिक कष्ट से कार्य में बाधा उत्पन्न हो सकती है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। आय के मामले में भाग्य अनुकूल रहेगा।

कर्कः- धनलाभ के अवसर सहज ही प्राप्त होंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

सिंहः- किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है।

कन्याः- प्रयास सफल रहेंगे। समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आराम व मनोरंजन का अवसर प्राप्त होगा।

तुलाः- किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। अतः सावधान रहें। शारीरिक कष्ट के प्रति लापरवाही न करें। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

वृश्चिकः- पारिवारिक चिंता रहेगी। स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से पूरे होंगे।

धनुः- किसी तरह की बहस से बचें। क्लेश हो सकता है। उतावलेपन से बचें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से हानि होगी। लेन-देन में धोखा खा सकते हैं।

मकरः- बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। संतान पक्ष की चिंता रहेगी। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को तूल न दें।

कुंभः- प्रतिष्ठा व पराक्रम में वृद्धि होगी। असहाय लोगों की सहायता करने की इच्छा पूर्ण हो सकती है। मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे।

मीनः- भागदौड़ रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी लंबे समय से अटके काम के पूरे होने के योग हैं।

लज़ीज़ आलू पेटीज बनाने की विधि...

सामग्री :

2 कप मैदा, 2 चम्मच घी, चौथाई चम्मच बेकिंग पावडर, आधा चम्मच नमक, आटा मिलाने के लिए एक से डेढ़ कप पानी, तलने के लिए तेल, भरने के लिए आलू व मटर, आवश्यकतानुसार नमक,1 चम्मच लालमिर्च, 1/2 चम्मच जीरा, 1/2 चम्मच पिसा धनिया, 1/2 चम्मच अमचूर, 2 हरीमिर्च, हरा धनिया सजाने के लिए।

विधि :

मैदा छानकर उसमें बेकिंग पावडर, घी, नमक और पानी मिलाकर रोटी जैसा पतला गूँथ लें। 15-20 मिनट तक उसे रख दें। आलुओं को उबाकर छीलकर मसल लें। मटर उबाल कर, मसलकर आलुओं में मिला दें।स्वादानुसार नमक, लालमिर्च, अमचूर मिला लें। पेटीज में भरने का मसाला तैयार है। पेटीज बनाने के लिए तैयार आटे की लोइयाँ बनाकर चकले पर थोड़ा मैदा लगाकर बेल लें। इसके ऊपर एक चम्मच घी लगाकर इसको लंबाई में काट लें। अब इसके ऊपर एक चम्मच घी लगाकर इसको लंबाई में काट लें। अब इसके जो 3-4 पीस काटकर उनको एक के ऊपर एक लगाइए। ऐसे 7 बार कीजिए।तीसरी व चौथी परत के बीच में आलू-मटर मसाला रखें और चारों ओर से हल्का-सा दबा दें।इसी तरह अन्य पेटीज बनाकर रख लें। फिर इन्हें तल लें या मक्खन लगाकर बेक कर लें और तैयार पेटीज को हरी चटनी और इमली की चटनी के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 70

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 69 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तीं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू- 70

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.69 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6